वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली 110001

सं.: 5-1(14)/2008-पीडी

दिनांक: 08.02.2026

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषयः सीएसआईआर-प्रयोगशालाओं/संस्थानों के वैज्ञानिक एवं तकनीकी (एस एंड टी) समूहों की संशोधित स्वीकृत पद संख्या के संबंध में।

व्यय विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 7(1)/E.Coord-I/2017(Part.III) दिनांक 04.01.2024 के पैरा 5 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसके पैरा 5.1 के अंतर्गत यह प्रावधान है कि कोई भी पद, जो सृजन की तिथि या रिक्त होने की तिथि से पाँच वर्ष से अधिक अवधि तक रिक्त रहता है, समाप्त माना जाएगा। इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन के पैरा 2.2 के अनुसार, किसी मंत्रालय/विभाग के अंतर्गत स्वायत्त निकाय को पदों के सृजन, पुनर्जीवन, निरंतरता, रूपांतरण, स्थानांतरण, उन्नयन तथा अवनयन के संबंध में दी गई विशिष्ट छूट को भी व्यय विभाग द्वारा वापस लिया गया है।

2. इस संदर्भ में, अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश दिया गया है कि एस एंड टी पदों के पुनर्जीवन से संबंधित विषय को व्यय विभाग के समक्ष उठाया गया। तदनुसार, इस मामले पर व्यय विभाग द्वारा विचार किया गया और आईडी संख्या 12(1)/DSIR-CSIR/2024/E.Coord.I दिनांक 20.11.2025 द्वारा सीएसआईआर के एस एंड टी पदों की स्वीकृत पद संख्या को पुनः निर्धारित किया गया और पुनर्जीवित/सक्रिय(Revived/live) पदों को मार्च, 2030 तक भरने की अनुमति प्रदान की है ।

3. इस परिप्रेक्ष्य में, महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा डॉ. राम ए. विश्वकर्मा, पूर्व निदेशक, सीएसआईआर-आईआईआईएम जम्मू एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया, ताकि 20.11.2025 की स्थिति के अनुसार सीएसआईआर के एस एंड टी पदों की कुल स्वीकृत पद संख्या के संबंध में व्यय विभाग की स्वीकृति पर विचार किया जा सके और सीएसआईआर की प्रत्येक प्रयोगशाला/संस्थान में एस एंड टी पदों (ग्रुप-IV, ग्रुप-III, ग्रुप-II एवं ग्रुप-1) की संशोधित स्वीकृत पद संख्या के स्तर-वार वितरण/निर्धारण की संस्तुति की जा सके। साथ ही, सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय में भर्ती हेतु उपलब्ध सक्रिय(live) पदों के संबंध में भी संस्तुति की जा सके ।

4. उपर्युक्त समिति की संस्तुतियों के आधार पर और सीएसआईआर के वित्तीय सलाहकार के परामर्श से, महानिदेशक, सीएसआईआर ने प्रत्येक प्रयोगशाला/संस्थान में एस एंड टी पदों की संशोधित स्वीकृत पद संख्या को वैज्ञानिक ग्रुप-IV के लिए अनुलग्नक-I, तकनीकी ग्रुप-III के लिए अनुलग्नक-II, तकनीकी सपोर्ट स्टाफ ग्रुप-II के लिए अनुलग्नक-III, तकनीकी सपोर्ट स्टाफ ग्रुप-I के लिए अनुलग्नक-IV में दिए गए विवरण के अनुसार सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया हैं।

5. अधोहस्ताक्षरी को आगे यह भी सूचित करने का निदेश दिया गया है कि-

(अ) वैज्ञानिक ग्रुप-IV के संबंध में- व्यय विभाग द्वारा वैज्ञानिकों के प्रत्येक स्तर के लिए निर्धारित प्रतिशत को सीएसआईआर स्तर पर समग्र रूप से बनाए रखा जाएगा। तदनुसार, व्यय विभाग द्वारा निर्धारित समग्र प्रतिशत के अनुसार स्तर-वार स्वीकृत पद संख्या निर्धारित करने के पश्चात किसी भी स्तर पर भर्ती किए गए व्यक्तियों की अतिरिक्त संख्या को सीएसआईआर के समग्र स्तर पर समायोजित किया गया है। इस प्रकार, वैज्ञानिक 'सी' एवं उससे उच्च पदों की अतिरिक्त संख्या को अन्य प्रयोगशाला/संस्थान/सीएसआईआर के आरक्षित पूल के पार्श्व (Lateral) स्तर के रिक्त पदों के विरुद्ध समायोजित किया गया है। अतः यह निर्णय लिया गया है कि-

i. वैज्ञानिक 'सी' एवं उससे उच्च पदों की अतिरिक्त संख्या को केंद्रीय स्तर पर पार्श्व (Lateral) स्तर के रिक्त पदों के विरुद्ध समायोजित किया जाएगा।
ii. कम से कम एक वर्ष की अवधि तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी बाद में हो, पार्श्व(Lateral) स्तर पर कोई भर्ती नहीं की जाएगी।

iii. वैज्ञानिक पद, जो विज्ञापित किए जा चुके हैं तथा जिनके लिए साक्षात्कार आयोजित हो चुके हैं, के सम्बन्ध में जैसे – सीसीएमबी-3 पद, आईजीआईबी-10 पद, आईआईसीटी-8 पद, आईआईटीआर-2 पद, एनआईआईएसटी-12 पद, सीआईएमएपी-5 पद, आईएचबीटी-11 पद एवं सीआरआरआई-5 पद भरने की अनुमति प्रदान की गई है।

iv. चूँकि पार्श्व (Lateral) स्तर पर वैज्ञानिक 'सी' एवं उससे उच्च पदों का समायोजन सीएसआईआर स्तर पर किया जाना है, इसलिए सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र आदि के कारण स्तर-वार उत्पन्न होने वाली सभी रिक्तियों की सूचना सीएसआईआर मुख्यालय को दी जाएगी और सीएसआईआर की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी भी स्थिति में इन पदों को नहीं भरा जाएगा।

v. इस आशय हेतु, पार्श्व(Lateral) स्तर पर रिक्तियों की स्थिति की समीक्षा एक वर्ष पश्चात एक समिति द्वारा की जाएगी और ऐसी रिक्तियों का आवंटन प्रयोगशालाओं/संस्थानों में उपलब्ध पार्श्व(lateral) स्तर पर रिक्तियों एवं उनकी आवश्यकता के अनुसार सीएसआईआर के एकीकृत वित्त प्रभाग के परामर्श से सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से की जाएगी। समिति का गठन निम्नानुसार होगा

| | | |
|---|---|---|
| क. | डॉ. राम ए विश्वकर्मा, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, सीएसआईआर | -अध्यक्ष |
| ख. | सीएसआईआर की राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों के दो निदेशक (महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा नामित) | - सदस्य |
| ग. | वित्तीय सलाहकार, सीएसआईआर अथवा उनके प्रतिनिधि | -सदस्य |
| घ. | प्रमुख, आरएबी | - सदस्य |
| ङ. | संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर | - सदस्य |
| च. | वरिष्ठ उप सचिव (पीडी) | -संयोजक/सदस्य |

vi. इसके अतिरिक्त, पूर्ववर्ती डीजी पूल कोटा तथा प्रयोगशालाओं/संस्थानों से चिह्नितअतिरिक्त रिक्तियों को समाहित करते हुए एक आरक्षित पूल का गठन किया गया है और इसका प्रबंधन उपर्युक्त समिति द्वारा किया जाएगा, जो प्रयोगशालाओं/संस्थानों की अतिरिक्त पदों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, आरक्षित पूल में उपलब्ध रिक्तियों की सीमा तक विचार करेगी। आरक्षित पूल के पदों का आवंटन चक्रीय आधार(Rotational Manner) पर किया जाएगा, ताकि पद सक्रिय(live) बने रहें और समाप्त(abolish) की श्रेणी में न आए ।

(ब) तकनीकी ग्रुप-III के संबंध में-

i. तकनीकी सहायक स्तर पर अतिरिक्त पदस्थ कार्मिक (Person in Position) को प्रयोगशालाओं/संस्थानों में उपलब्ध पार्श्व(Lateral) स्तर की रिक्तियों के विरुद्ध इस प्रकार समायोजित किया जाएगा कि कुल पदस्थ कार्मिक, प्रयोगशालाओं/संस्थानों की समग्र स्वीकृत पद संख्या से अधिक न हो।

ii. लेवल-6 में तकनीकी सहायकों की चल रही भर्ती के संबंध में, जहाँ विज्ञापन पहले ही जारी किए जा चुके हैं, किंतु डीओई/सीएसआईआर द्वारा स्वीकृत पद संख्या में संशोधन के कारण लेवल-6 में पर्याप्त रिक्तियां उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ प्रयोगशालाएँ अपने विवेक से उच्च-ग्रुप रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती पूर्ण कर सकती हैं, बशर्ते कि प्रत्येक प्रयोगशाला में तकनीकी ग्रुप-III के अंतर्गत कुल संशोधित स्वीकृत पद संख्या की सीमा के भीतर ही भर्ती की जाए। तथापि, जहाँ विज्ञापित पदों की संख्या तकनीकी ग्रुप-III के अंतर्गत कुल स्वीकृत पद संख्या (आरएसएस) से अधिक हो जाती है, वहाँ प्रयोगशालाएँ अपनी-अपनी पुनः निर्धारित स्वीकृत पद संख्या (Revised Sanction Strength) की सीमा तक ही भर्ती सीमित रखेंगी।

iii. इसके अतिरिक्त, सीसीएमबी में 9 पद, आईजीआईबी में 9 पद तथा आईएमटी में 2 पद आवंटित किए गए हैं। ये पद सीसीएमबी, आईजीआईबी एवं आईएमटी में सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र आदि के कारण उत्पन्न रिक्तियों के होने पर समायोजित किए जाएंगे तथा उपलब्ध होने वाली पहली रिक्ति पर इन्हें सीएसआईआर मुख्यालय के आरक्षित पूल में वापस कर दिया जाएगा।

iv. तकनीकी ग्रुप-III में रिक्तियों की स्थिति की समीक्षा एक वर्ष पश्चात की जाएगी जैसे कि वैज्ञानिकों के मामले में ।

(स) तकनीकी ग्रुप-II के संबंध में- ग्रुप-II के लेवल-2 में तकनीशियन (1) की चल रही भर्ती के संबंध में, जहाँ विज्ञापन पहले ही जारी किए जा चुके हैं, किंतु डीओई/सीएसआईआर द्वारा स्वीकृत पद संख्या के पुनः निर्धारण के कारण पर्याप्त रिक्तियां उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ प्रयोगशालाएँ भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर सकती हैं, इस शर्त के अधीन की प्रयोगशालाएँ तकनीकी ग्रुप-II के अंतर्गत अपनी-अपनी पुनः निर्धारित स्वीकृत पद संख्या (Revised Sanction Strength) की सीमा तक ही भर्ती सीमित रखेंगी।

(द) ग्रुप-1 के संबंध में- CSIR द्वारा पत्र संख्या 5-1 (88)/2010-पीडी दिनांक 21.07.2010 के माध्यम से जारी वर्तमान निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

6. अतः, अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्णयों/निर्देशों की जानकारी एवं अनुपालन हेतु इन्हें सभी संबंधितों के संज्ञान में लाया जाए।

(छेरिंग तोबदन)
वरिष्ठ उप सचिव (नीति)

प्रतिः

सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं / संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के निदेशक / प्रमुख

प्रतिलिपिः

1. सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के वरिष्ठ उप सचिव/वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक/उप सचिव/प्रशासन नियंत्रक /अवर सचिव/प्रशासन अधिकारी
2. सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के वरिष्ठ उप वित्त सलाहकार/वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक/उप वित्त सलाहकार/वित्त एवं लेखा नियंत्रक/वित्त एवं लेखा अधिकारी
3. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय
4. अध्यक्ष, भर्ती एवं मूल्यांकन बोर्ड का कार्यालय
5. संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर का कार्यालय
6. वित्त सलाहकार, सीएसआईआर का कार्यालय
7. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर का कार्यालय
8. प्रमुख, भर्ती एवं मूल्यांकन बोर्ड का कार्यालय
9. विधि सलाहकार, सीएसआईआर का कार्यालय
10. वरिष्ठ उप सचिव (केंद्रीय कार्यालय)
11. वरिष्ठ उप सचिव (भर्ती एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ)
12. वरिष्ठ उप सचिव (मानव संसाधन-11)
13. सीएसआईआर-वेबसाइट
14. कार्यालय प्रति

**Annexure- I : Level wise Revised Sanctioned Strength of Scientist Gr. IV**

| S. No. | Lab./Instt. | Sct.B | Sct.C | Sct.D | Sct.E | Sct.F | Sct.G | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CCMB Hyderabad | 38 | 33 | 13 | 9 | 2 | 0 | 95 |
| 2 | CDRI Lucknow | 57 | 50 | 20 | 13 | 2 | 0 | 142 |
| 3 | IGIB New Delhi | 31 | 27 | 11 | 7 | 1 | 0 | 77 |
| 4 | IICB Kolkata | 39 | 34 | 14 | 9 | 2 | 0 | 98 |
| 5 | IICT Hyderabad | 79 | 70 | 28 | 18 | 3 | 0 | 198 |
| 6 | IITR Lucknow | 32 | 27 | 11 | 7 | 1 | 0 | 78 |
| 7 | IMMT Bhubaneshwar | 41 | 36 | 15 | 9 | 2 | 0 | 103 |
| 8 | IMT Chandigarh | 28 | 25 | 10 | 7 | 1 | 0 | 71 |
| 9 | NCL Pune | 79 | 70 | 28 | 18 | 3 | 0 | 198 |
| 10 | NIIST TVM | 32 | 27 | 11 | 7 | 1 | 0 | 78 |
| 11 | AMPRI Bhopal | 42 | 17 | 11 | 7 | 1 | 0 | 78 |
| 12 | CBRI Roorkee | 50 | 21 | 13 | 9 | 2 | 0 | 95 |
| 13 | CECRI Karaikudi | 65 | 27 | 17 | 11 | 2 | 0 | 122 |
| 14 | CEERI Pilani | 73 | 31 | 19 | 13 | 2 | 0 | 138 |
| 15 | CFTRI Mysore | 93 | 38 | 25 | 16 | 3 | 0 | 175 |
| 16 | CGCRI Kolkata | 59 | 24 | 16 | 10 | 2 | 0 | 111 |
| 17 | CIMAP Lucknow | 42 | 18 | 11 | 7 | 1 | 0 | 79 |
| 18 | CIMFR Dhanbad | 76 | 31 | 20 | 13 | 2 | 0 | 142 |
| 19 | CLRI Chennai | 59 | 24 | 16 | 10 | 2 | 0 | 111 |
| 20 | CMERI Durgapur | 74 | 30 | 20 | 13 | 2 | 0 | 139 |
| 21 | CRRI New Delhi | 46 | 19 | 12 | 8 | 1 | 0 | 86 |
| 22 | CSIO Chandigarh | 50 | 21 | 13 | 9 | 2 | 0 | 95 |
| 23 | CSMCRI Bhavnagar | 54 | 23 | 14 | 9 | 2 | 0 | 102 |
| 24 | IHBT Palampur | 31 | 13 | 8 | 5 | 1 | 0 | 58 |
| 25 | IIIM Jammu | 61 | 26 | 16 | 11 | 2 | 0 | 116 |
| 26 | IIP Dehradun | 50 | 21 | 13 | 9 | 2 | 0 | 95 |
| 27 | NBRI Lucknow | 42 | 17 | 11 | 7 | 1 | 0 | 78 |
| 28 | NEERI Nagpur | 63 | 26 | 17 | 11 | 2 | 0 | 119 |
| 29 | NEIST Jorhat | 46 | 19 | 12 | 8 | 1 | 0 | 86 |
| 30 | NGRI Hyderabad | 63 | 26 | 17 | 11 | 2 | 0 | 119 |
| 31 | NIO Goa | 84 | 35 | 22 | 15 | 3 | 0 | 159 |
| 32 | NIScPR New Delhi | 33 | 14 | 9 | 6 | 1 | 0 | 63 |
| 33 | NML Jamshedpur | 72 | 29 | 19 | 12 | 2 | 0 | 134 |
| 34 | NPL New Delhi | 94 | 40 | 25 | 16 | 3 | 0 | 178 |
| 35 | SERC Chennai | 55 | 22 | 15 | 9 | 2 | 0 | 103 |
| 36 | CSIR Madras Cx | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 37 | CSIR Hqrs. | 63 | 26 | 17 | 11 | 2 | 0 | 119 |
| 38 | 4PI Banglore | 40 | 16 | 11 | 7 | 1 | 0 | 75 |
| 39 | NAL Bangalore | 212 | 88 | 56 | 37 | 7 | 0 | 400 |
| 40 | Reserve Pool | 118 | 42 | 31 | 21 | 6 | 0 | 218 |
| | Total | 2366 | 1183 | 667 | 435 | 80 | 0 | 4731 |

8/2/26

| Annexure- II : Level wise Revised Sanctioned Strength of Technical Gr. III | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Lab./Instt. | TA | TO | STO (1) | STO (2) | STO (3) | PTO | Total |
| 1 | AMPRI Bhopal | 13 | 9 | 3 | 1 | 0 | 0 | 26 |
| 2 | CBRI Roorkee | 35 | 25 | 7 | 2 | 0 | 0 | 69 |
| 3 | CCMB Hyderabad | 54 | 30 | 8 | 4 | 0 | 0 | 96 |
| 4 | CDRI Lucknow | 60 | 45 | 12 | 4 | 0 | 0 | 121 |
| 5 | CECRI Karaikudi | 47 | 35 | 9 | 2 | 0 | 0 | 93 |
| 6 | CEERI Pilani | 47 | 35 | 9 | 2 | 0 | 0 | 93 |
| 7 | CFTRI Mysore | 56 | 40 | 11 | 5 | 0 | 0 | 112 |
| 8 | CGCRI Kolkata | 50 | 36 | 10 | 3 | 0 | 0 | 99 |
| 9 | CIMAP Lucknow | 26 | 18 | 7 | 4 | 0 | 0 | 55 |
| 10 | CIMFR Dhanbad | 99 | 74 | 21 | 6 | 0 | 0 | 200 |
| 11 | CLRI Chennai | 43 | 31 | 9 | 2 | 0 | 0 | 85 |
| 12 | CMERI Durgapur | 52 | 36 | 10 | 6 | 0 | 0 | 104 |
| 13 | 4PI Banglore | 8 | 5 | 2 | 1 | 0 | 0 | 16 |
| 14 | CRRI New Delhi | 35 | 25 | 7 | 2 | 0 | 0 | 69 |
| 15 | CSIO Chandigarh | 69 | 48 | 14 | 7 | 0 | 0 | 138 |
| 16 | CSIR Hqrs. | 47 | 34 | 9 | 3 | 0 | 0 | 93 |
| 17 | CSMCRI Bhavnagar | 22 | 16 | 4 | 1 | 0 | 0 | 43 |
| 18 | IGIB New Delhi | 23 | 10 | 3 | 1 | 0 | 0 | 37 |
| 19 | IHBT Palampur | 19 | 11 | 7 | 3 | 0 | 0 | 40 |
| 20 | IICB Kolkata | 26 | 19 | 5 | 1 | 0 | 0 | 51 |
| 21 | IICT Hyderabad | 69 | 48 | 14 | 7 | 0 | 0 | 138 |
| 22 | IIIM Jammu | 35 | 24 | 4 | 2 | 4 | 0 | 69 |
| 23 | IIP Dehradun | 39 | 27 | 7 | 4 | 0 | 0 | 77 |
| 24 | IITR Lucknow | 28 | 21 | 6 | 1 | 0 | 0 | 56 |
| 25 | IMMT Bhubaneshwar | 20 | 14 | 5 | 2 | 0 | 0 | 41 |
| 26 | IMT Chandigarh | 19 | 12 | 3 | 1 | 0 | 0 | 35 |
| 27 | NAL Bangalore | 129 | 90 | 26 | 12 | 0 | 0 | 257 |
| 28 | NBRI Lucknow | 26 | 18 | 5 | 2 | 0 | 0 | 51 |
| 29 | NCL Pune | 47 | 34 | 7 | 3 | 2 | 0 | 93 |
| 30 | NEERI Nagpur | 21 | 15 | 6 | 4 | 0 | 0 | 46 |
| 31 | NEIST Jorhat | 35 | 25 | 7 | 2 | 0 | 0 | 69 |
| 32 | NGRI Hyderabad | 67 | 47 | 14 | 6 | 0 | 0 | 134 |
| 33 | NIIST TVM | 15 | 11 | 3 | 1 | 0 | 0 | 30 |
| 34 | NIO Goa | 47 | 34 | 9 | 3 | 0 | 0 | 93 |
| 35 | NIScPR New Delhi | 26 | 19 | 5 | 1 | 0 | 0 | 51 |
| 36 | NML Jamshedpur | 24 | 15 | 7 | 1 | 0 | 0 | 47 |
| 37 | NPL New Delhi | 64 | 45 | 13 | 7 | 0 | 0 | 129 |
| 38 | SERC Chennai | 15 | 11 | 6 | 1 | 0 | 0 | 33 |
| 39 | CSIR Madras Cx | 3 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 | 8 |
| 40 | Reserve Quota | 22 | 13 | 0 | 6 | 10 | 16 | 67 |
| | Total | 1582 | 1107 | 316 | 127 | 16 | 16 | 3164 |

8/2/26

| Annexure- IV : Revised Sanctioned Strength of Support Staff Gr. I | | |
|---|---|---|
| **S. No.** | **Lab./Instt.** | **Lab Attendant (1)** |
| 1 | AMPRI Bhopal | 5 |
| 2 | CBRI Roorkee | 25 |
| 3 | CCMB Hyderabad | 27 |
| 4 | CDRI Lucknow | 62 |
| 5 | CECRI Karaikudi | 16 |
| 6 | CEERI Pilani | 26 |
| 7 | CFTRI Mysore | 38 |
| 8 | CGCRI Kolkata | 33 |
| 9 | CIMAP Lucknow | 16 |
| 10 | CIMFR Dhanbad | 79 |
| 11 | CLRI Chennai | 34 |
| 12 | CMERI Durgapur | 31 |
| 13 | 4PI Banglore | 1 |
| 14 | CRRI New Delhi | 20 |
| 15 | CSIO Chandigarh | 19 |
| 16 | CSIR Hqrs. | 20 |
| 17 | CSMCRI Bhavnagar | 11 |
| 18 | IGIB New Delhi | 6 |
| 19 | IHBT Palampur | 8 |
| 20 | IICB Kolkata | 10 |
| 21 | IICT Hyderabad | 64 |
| 22 | IIIM Jammu | 21 |
| 23 | IIP Dehradun | 42 |
| 24 | IITR Lucknow | 9 |
| 25 | IMMT Bhubaneshwar | 19 |
| 26 | IMT Chandigarh | 2 |
| 27 | NAL Bangalore | 54 |
| 28 | NBRI Lucknow | 49 |
| 29 | NCL Pune | 63 |
| 30 | NEERI Nagpur | 17 |
| 31 | NEIST Jorhat | 36 |
| 32 | NGRI Hyderabad | 38 |
| 33 | NIIST TVM | 5 |
| 34 | NIO Goa | 7 |
| 35 | NIScPR New Delhi | 14 |
| 36 | NML Jamshedpur | 31 |
| 37 | NPL New Delhi | 35 |
| 38 | SERC Chennai | 9 |
| 39 | CSIR Madras Cx | 5 |
| 40 | Reserve Pool Quota | 15 |
| | Total | **1022** |

8/2/26

| Annexure- III : Revised Sanctioned Strength of Support Staff of Gr. II | | |
|---|---|---|
| **S. No.** | **Lab./Instt.** | **Technician (1)** |
| 1 | AMPRI Bhopal | 13 |
| 2 | CBRI Roorkee | 68 |
| 3 | CCMB Hyderabad | 70 |
| 4 | CDRI Lucknow | 92 |
| 5 | CECRI Karaikudi | 81 |
| 6 | CEERI Pilani | 81 |
| 7 | CFTRI Mysore | 56 |
| 8 | CGCRI Kolkata | 86 |
| 9 | CIMAP Lucknow | 41 |
| 10 | CIMFR Dhanbad | 89 |
| 11 | CLRI Chennai | 74 |
| 12 | CMERI Durgapur | 103 |
| 13 | 4PI Banglore | 2 |
| 14 | CRRI New Delhi | 45 |
| 15 | CSIO Chandigarh | 79 |
| 16 | CSIR Hqrs. | 53 |
| 17 | CSMCRI Bhavnagar | 54 |
| 18 | IGIB New Delhi | 15 |
| 19 | IHBT Palampur | 19 |
| 20 | IICB Kolkata | 29 |
| 21 | IICT Hyderabad | 113 |
| 22 | IIIM Jammu | 72 |
| 23 | IIP Dehradun | 72 |
| 24 | IITR Lucknow | 43 |
| 25 | IMMT Bhubaneshwar | 24 |
| 26 | IMT Chandigarh | 23 |
| 27 | NAL Bangalore | 192 |
| 28 | NBRI Lucknow | 50 |
| 29 | NCL Pune | 90 |
| 30 | NEERI Nagpur | 55 |
| 31 | NEIST Jorhat | 69 |
| 32 | NGRI Hyderabad | 95 |
| 33 | NIIST TVM | 23 |
| 34 | NIO Goa | 46 |
| 35 | NIScPR New Delhi | 30 |
| 36 | NML Jamshedpur | 52 |
| 37 | NPL New Delhi | 113 |
| 38 | SERC Chennai | 25 |
| 39 | CSIR Madras Cx | 12 |
| 40 | Reserve Pool | 13 |
| | Total | 2362 |

8/2/26